Education with Fun

Name: ______________________________ Date: ____________________

कामचोर

प्रश्न-1 भेड़ों ने क्या उत्पात मचाया?

उत्तर ____

____

____

____

____

____

____

प्रश्न-2 बच्चों का काम करना चाचा जी को क्यों भारी पड़ा?

उत्तर ____

____

____

____

____

____

____

https://educationwithfun.com

Education with Fun

कामचोर

प्रश्न-1 भेड़ों ने क्या उत्पात मचाया?

उत्तर भेड़ें भूखी थीं इसलिए दाने का सूप देखते ही सबके सब झपट पड़ी। तख्तों पर चढ़ी और पलंगों पर फलांगती हुई सब कुछ रौंदती हुई मेंगनों का छिड़काव करती हुई दौड़ गई। ऐसा लगा जैसे जर्मनी की सेना टैंकों और बमबारों सहित उधर से छापा मारकर गुजर गई हो। जहाँ - जहाँ से सूप गुजरा, भेड़ें शिकारी कुत्तों की तरह गंध सूँघती हुई हमला करती गईं। बानी दीदी का दुपट्टा रौंदा गया। सोती हुई हज्जन माँ के ऊपर से पूरी फौज ही निकल गई। भेड़ें तरकारी वाली की तरकारियाँ देखते ही देखते चट्ट कर गई।

प्रश्न-2 बच्चों का काम करना चाचा जी को क्यों भारी पड़ा?

उत्तर बच्चों ने भैंसों का दूध दुहने के लिए तय किया कि भैंस की अगाड़ी - पिछाड़ी बाँध दी जाए और फिर काबू में लाकर दूध दुह लिया जाए। पिछले दो पैर चाचा जी की चारपाई के पायों से बाँध, अगले दो पैरों को बाँधने की कोशिश जारी थी कि भैंस चौकन्नी हो गई। छूटकर जो भागी तो पहले चाचा जी समझे कि शायद कोई सपना देख रहें हैं। फिर जब चारपाई पानी के ड्रम से टकराई और पानी छलककर गिरा तो वह भीग गए। फिर जल्दी ही उन्हें सब कुछ समझ आ गया और बच्चों को छोड़ देनेवालों को बुरा - भला सुनाने लगे।

https://educationwithfun.com